Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय-विज्ञान-कोश

श्रीप्रभुनारायण गौड़

R
२.३
३२

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

y Arya Samaj Foundation Chennai ar

blic Domain. Gurukul Kangri Collecti

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R
2.2
32

866

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
कृपया पुस्तक के ऊपर कोई निशान आदि
न लगायें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Stock Verification-2024

पुस्तकालय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग संख्या R 2.3 / 32 आगत संख्या 86675

पुस्तक – वितरण की तिथि नीचे अंकित है । इस तिथि सहित ३०वें दिन तक यह पुस्तक पुस्तकालय में वापिस आ जानी चाहिए । अन्यथा १० पैसे के हिसाब से विलम्ब - दण्ड लगेगा ।

Stock Verification-2024

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय-विज्ञान-कोश

R1.3, 32
86675
पुस्तक 86675
पुस्तकालय
कांगड़ी विश्वविद्यालय

श्रीप्रभुनारायण गौड़
एम्० ए०, बी० एल्०, ए० एल्० ए० (लन्दन)
पुस्तकाध्यक्ष
सिन्हा लाइब्रेरी (बिहार-राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय)
पटना
उपाध्यक्ष
अखिलभारतीय पुस्तकालय-संघ

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

संशोधित मूल्य
Rs 13 P 50

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना-६

R
2.3
32

©
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
शकाब्द १८८३; विक्रमाब्द २०१८; खृष्टाब्द १९६१

मूल्य : सजिल्द ४.५०

मुद्रक
युनाइटेड प्रेस लिमिटेड,
पटना-४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वक्तव्य

प्रस्तुत कृति परिषद् की ओर से प्रकाशित करने में हमें अत्यधिक हर्ष हो रहा है। परिषद् ने हिन्दी के विविध अंगों की पूर्त्ति की दिशा में जो थोड़ा-बहुत काम किया है, वह तो है ही; वैज्ञानिक पुस्तकों के प्रकाशनों की ओर भी उसका ध्यान रहा है और विज्ञान के विविध अंगों पर आधे दर्जन से अधिक पुस्तकें यहाँ से प्रकाशित हो चुकी हैं। इनके सिवा परिषद् ने आकर-ग्रन्थों की ओर अपनी दृष्टि रखी और अपने लोकभाषा-विभाग द्वारा संकलित और सम्पादित कर 'कृषिकोश' के एक खण्ड का प्रकाशन किया। उसका दूसरा खण्ड मुद्रण के लिए प्रेस में दिया जा चुका है। उस कोश के अतिरिक्त यह प्रस्तुत ग्रन्थ—पुस्तकालय-विज्ञान कोश—प्रकाशित हो रहा है। कहना न होगा कि आज के युग में इस प्रकार के ग्रन्थों की कितनी अधिक आवश्यकता है।

पुस्तकालय पर हिन्दी में कुछ साहित्य अवश्य प्रकाशित हुए हैं और उनकी अपनी विशेषता है; पर कोश के रूप में हिन्दी में कदाचित् यह पहला प्रयास है। इस पुस्तक के सम्बन्ध में विद्वान् लेखक ने अपनी भूमिका में विशद रूप से प्रकाश डाला है। अब उस सम्बन्ध में कुछ कहना पिष्टपेषण ही होगा। अधिकारी विद्वान् ही इसके गुण-दोष का विवेचन कर सकेंगे। किन्तु, हम केवल इतना ही कह सकते हैं कि लेखक ने इसके प्रस्तुतीकरण में जो श्रम स्वीकार किया है, वह उनकी सच्ची लगन और हिन्दी-साहित्य के प्रति अनुराग का ही परिचायक है। बिहार-राज्य के सर्वोत्कृष्ट पुस्तकालय से लेखक का वर्षों से अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है और वे पुस्तकालय-विज्ञान के अति आधुनिक खोजों और उपलब्धियों से भली भाँति परिचित हैं। वे इस विषय के एक माने हुए अनुभवी विद्वान् हैं। अस्तु; हमें आशा है कि इनका यह ग्रन्थ पुस्तकालय-विज्ञान की बढ़ती हुई आवश्यकताओं और अनुसंधानों के प्रति पाठकों की उत्सुकता एवं ज्ञान-पिपासा जाग्रत् करेगा तथा इस क्षेत्र-विशेष में काम करनेवाले सहस्र-सहस्र छात्रों का मार्गदर्शक होगा।

परिषद् के प्रकाशनों को सुधी पाठकों ने जिस चाव से अपनाया है, प्रस्तुत ग्रन्थ भी उसी चाव से अपनाया जायगा, ऐसा हमारा विश्वास है।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्, पटना
नागपंचमी, २०१८ वि०

भुवनेश्वरनाथ मिश्र 'माधव'
संचालक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



स्व० डा० सच्चिदानन्द सिन्हा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पितृतुल्य

स्वर्गीय डॉ० सच्चिदानन्द सिन्हा

की पुण्यस्मृति में श्रद्धापूर्वक

समर्पित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमिका

'अनन्तपारं किल शब्दशास्त्रम्'

पुस्तकालय-विज्ञान--एक आधुनिक विषय

ज्ञान-क्षेत्र असीम और अनन्त है। उसकी प्रत्येक शाखा और प्रशाखा के अध्ययन के लिए उसके अपने पारिभाषिक पद होते हैं। वे उस शाखा के ज्ञान के मेरुदण्ड हैं। उनके ज्ञान के विना उस शाखा का अध्ययन समुचित रूप से नहीं किया जा सकता। पुस्तकालय-विज्ञान भी ज्ञान-क्षेत्र का एक आधुनिक विषय है। यह विज्ञान भी अन्य विज्ञानों की भाँति कतिपय आदर्श सिद्धान्तों पर आधारित है। इसका सम्बन्ध ज्ञान-विज्ञान की सभी शाखाओं से है। इसके अन्तर्गत नवीनतम प्रविधियों की खोज करके पुस्तकालय-सेवा के द्वारा सम्पूर्ण ज्ञान-विज्ञान को मानव-मात्र के लिए सुलभ करने का प्रयास किया जाता है। पुस्तकालय-संगठन, पुस्तकालय संचालन, पुस्तक-चयन, वर्गीकरण, सूचीकरण, सन्दर्भ-सेवा, वाङ्मय-सूची इस विज्ञान की प्रमुख शाखाएँ हैं। इन शाखाओं के अध्ययन और अध्यापन के लिए अनेक आधारभूत पारिभाषिक पद हैं।

पारिभाषिक पद-निर्माण

आधुनिक पुस्तकालय-विज्ञान का उद्भव और विकास पाश्चात्य देशों में हुआ और वहाँ उसका साहित्य अब सुविकसित और समृद्ध स्तर पर पहुँच चुका है। पुस्तकालय-विज्ञान के सुविख्यात भारतीय विद्वान् पद्मश्री डॉ० शियाली रामामृत रंगनाथन् ने भी इसके विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनेक मौलिक शोध और अपनी कुछ विशेष मान्यताओं के कारण इस विज्ञान में नए सिद्धान्तों और नवीन पारिभाषिक पदों की वृद्धि हुई है। डॉ० रंगनाथन् के मौलिक ग्रन्थ पुस्तकालय-विज्ञान के पाश्चात्य आचार्यों की भाँति अंग्रेजी भाषा में ही लिखे गए हैं। इस प्रकार पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी पारिभाषिक पदों का अंग्रेजी भाषा में एक समृद्ध भाण्डार हो गया है और इस विषय के साहित्यकारों के प्रयोग द्वारा प्रायः उन पारिभाषिक पदों का रूप और अर्थ भी निश्चित हो गया है।

ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में प्रयोग की जानेवाली पारिभाषिक पदावली का निर्माण, जो सर्वग्राह्य हो और उस क्षेत्र के विशेषज्ञों को मान्य हो, सुचारु रूप से तभी सम्पन्न हो सकता है, जब इसमें भाषाविज्ञों और विषय-विशेषज्ञों का पारस्परिक सहयोग हो। अमेरिका में, जो पुस्तकालय-विज्ञान में अन्य पाश्चात्य देशों की अपेक्षा अधिक प्रगतिशील माना जाता है, इस विज्ञान से सम्बन्धित प्राविधिक पदों का निर्माण और स्थिरीकरण बड़े ही सुनियोजित रूप से हुआ। इस प्रसंग में अमरीकी पुस्तकालय-संघ के कार्यक्रम की चर्चा सुसंगत होगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाश्चात्य परम्परा

पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी पारिभाषिक पदावली के एक व्यापक संग्रह के निर्माण के लिए अमरीकी पुस्तकालय-संघ ने आज से पैंतीस वर्ष पहले सन् १६२६ ई० में ही एक समिति का निर्माण किया। इस समिति ने पुस्तकाध्यक्ष-समुदाय से यह अपील की कि वे पुस्तकालय-साहित्य का अनुशीलन करके उसकी विभिन्न शाखाओं में प्रयुक्त ऐसे पदों का संकलन करें, जिनका समावेश आयोजित पारिभाषिक कोश में होना अपेक्षित हो। इस कार्य में पुस्तकाध्यक्षों ने समिति को जो स्वैच्छिक सहायता प्रदान की, वह अत्यन्त सराहनीय थी। कालोपरान्त इस कार्य को औपचारिक रूप से सम्पन्न करने के लिए संघ ने एक स्थायी सम्पादक की नियुक्ति की और उनकी सहायता के लिए पुस्तकालय-विज्ञान के विभिन्न शाखाओं के विशेषज्ञों की एक नई समिति का भी निर्माण किया। इस समिति का कार्य सन् १६४८ ई० में पूर्ण हुआ और उसी वर्ष अमरीकी संघ ने Glossary of Library Terms* का प्रथम संस्करण प्रकाशित किया। अंग्रेजी भाषा में पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी पारिभाषिक पदावली का यही सबसे प्रामाणिक ग्रन्थ माना जाता है। अमरीकी पुस्तकालय-संघ के इस योजना में विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि पारिभाषिक पदों के संकलन और प्रमाणीकरण का सम्पूर्ण उपक्रम एक सहकारी प्रयास था, जिसमें बहुसंख्य पुस्तकाध्यक्षों ने स्वेच्छापूर्वक योगदान दिया। क्या ही अच्छा होता, यदि हमारे देश में भी भारतीय पुस्तकालय-संघ द्वारा राष्ट्रभाषा में एक मानक पारिभाषिक पदावली के संकलन का वैसा ही प्रयास होता! अपनी सीमित क्षमताओं के बावजूद मैंने इस कार्य को अकेले सम्पन्न करने का प्रयास किया, यह केवल दुस्साहस ही नहीं, किन्तु एक अनधिकार चेष्टा थी—ऐसा कहने में हमें तनिक भी संकोच नहीं।

आश्चर्य है कि इस विषय में इस तरह का कोई सामूहिक प्रयास इङ्गलैण्ड के पुस्तकालय-संघ ने नहीं किया। वैयक्तिक रूप से L. M. Harrod नाम के एक कुशल और उद्यमी पुस्तकाध्यक्ष ने The Librarians' Glossary† नाम के एक ग्रन्थ की रचना की है, जो इङ्गलैण्ड में पुस्तकालय-सेवियों और पुस्तकालय-विज्ञान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सामान्यतया प्रयोग की जाती है। इस विषय से सम्बन्धित ब्रिटिश प्रकाशनों की चर्चा करते हुए हाल ही में प्रकाशित Thomas Landau द्वारा सम्पादित Encyclopaedia of Librarianship§ का उल्लेख अपेक्षित है। यह पुस्तकालय-विज्ञान का एक व्यापक, महत्त्वपूर्ण और उपयोगी सन्दर्भ-ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ की प्रस्तुति एक विश्वकोश के रूप में की गई है और इसमें पुस्तकालय-विज्ञान की सभी शाखाओं से सम्बन्ध

*American Library Association : A. L. A. Glossary of Library terms prepared under the direction of the Committee on Library terminology of the American Library Association by Elizabath H. Thompson ; American Library Association ; Chicago ; Illinois ; 1943.

† L. M. Harrod : The Librarians' Glossary ; London ; Grafton & Co.

§ Thomas Landau (Ed) : Encyclopaedia of Librarianship ; London : Bowes & Bowes ; 1958.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रखनेवाले प्राविधिक पदों और विषयों का समावेश किया गया है। इसमें साधारण पदों की केवल परिभाषा दी गई है किन्तु गम्भीर विषयों पर उनके विशेषज्ञों द्वारा लिखित प्रामाणिक लेख भी दिए गए हैं। पुस्तकालय-विज्ञान से सम्बन्धित मुद्रण और प्रकाशन इत्यादि अन्य विषयों के पद भी इस ग्रन्थ में दिए गए हैं। इस ग्रन्थ के बारे में भी यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तकालय-विज्ञान के विशेषज्ञों की एक सहकृति है।

भारत में पुस्तकालय-प्रगति

भारत में स्वतन्त्रता-प्राप्ति के उपरान्त शिक्षा और संस्कृति के प्रसार के अन्य औपचारिक एवं अनौपचारिक संस्थाओं के साथ-साथ पुस्तकालयों के विकास में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है। केवल सार्वजनिक क्षेत्र में ही नहीं, अपितु शैक्षणिक, आनुसन्धानिक, वैज्ञानिक, प्रशासनिक, औद्योगिक तथा अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में भी पुस्तकालयों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। इन पुस्तकालयों की सेवा से समुचित लाभ उठाने के लिए यह आवश्यक है कि उनकी व्यवस्था वैज्ञानिक ढंग से हो। वैज्ञानिक परिपाटी अपनाने के लिए पुस्तकाध्यक्षों का प्राविधिक प्रशिक्षण और पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी साहित्य की पर्याप्त मात्रा में रचना पूर्वापेक्षित है।

भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक साहित्य का अभाव

भारतीय भाषाओं में समुचित साहित्य के अभाव के कारण अभीतक हमें इस विषय का ज्ञान केवल अंग्रेजी भाषा में लिखित ग्रन्थों के द्वारा ही उपलब्ध होता रहा है। पुस्तकालय-विज्ञान की शिक्षा-दीक्षा का माध्यम भी, विशेषकर उन विश्वविद्यालयों में, जिनमें इस विषय के शिक्षा के स्वतन्त्र विभाग स्थापित हो चुके हैं, अंग्रेजी ही है।

पुस्तकालयों, विशेषकर सार्वजनिक पुस्तकालयों के विकास में, हमारे देश में जो प्रगति हो रही है, उसको दृष्टि में रखते हुए हमें यह आवश्यक प्रतीत होता है कि पुस्तकालय-व्यवस्था और संचालन में हिन्दी माध्यम के द्वारा आधुनिक परिपाटी अपनाई जाय, हमारे पुस्तकालय अपनी सेवाओं को हिन्दी के माध्यम से वैज्ञानिक रीति से व्यक्त कर सकें, हमारे पुस्तकाध्यक्ष हिन्दी के माध्यम के द्वारा प्रशिक्षित हो सकें और हिन्दी में पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी साहित्य समृद्ध हो। इन सभी बातों के लिए मौलिक आवश्यकता है हिन्दी में पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी पारिभाषिक पदों की प्रस्तुति। "हिन्दी को राष्ट्रभाषा के उच्चासन पर दृढतापूर्वक आसीन करने और उसमें विश्व के आधुनिक भाण्डार के समावेशन के लिए इस बात की नितान्त आवश्यकता है कि उसकी पारिभाषिक शब्दावली में यथेष्ट वृद्धि की जाय और उसे बिलकुल अद्यावधिक बनाने का प्रयत्न किया जाय।" प्रस्तुत पुस्तकालय-विज्ञान-कोश की रचना इसी उद्देश्य की पूर्त्ति के लिए एक लघु प्रयास है।

हिन्दी में पारिभाषिक शब्द-रचना

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि भारतवर्ष की आधुनिक पुस्तकालय-परम्परा अंग्रेजी-भाषी पाश्चात्य देशों की परम्परा पर ही आधारित है। इसलिए, भारतीय पुस्तकालय-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विज्ञान-साहित्य, उसके साहित्यिक व्यवहार एवं उसकी पारिभाषिक पदावली इत्यादि का आदि स्रोत भी अंग्रेजी भाषा ही है। ब्रिटिश शासन-काल में राष्ट्रीय जागरण और सांस्कृतिक पुनरुन्नयन की भावना से प्रेरित होकर जब भारतीय भाषाओं में विभिन्न आधुनिक विषयों पर साहित्य का निर्माण होने लगा, तब पुस्तकालय-विज्ञान पर भी छोटी-छोटी पुस्तकें लिखी गईं। उनमें से कुछ में तो अंग्रेजी के पारिभाषिक पदों को ज्यों का त्यों ले लिया गया और कुछ पुस्तकों में अपने ढंग से देशी पारिभाषिक पद बनाए गए। ऐसे पारिभाषिक पदों में एकरूपता का नितांत अभाव था। जैसे library के लिए लाइब्रेरी, पुस्तकालय, ग्रन्थालय, ग्रन्थागार; librarian के लिए लाइब्रेरियन, पुस्तकाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष, ग्रन्थागारिक, ग्रन्थपाल आदि; accession के लिए प्राप्ति-प्रवेश, पंजीयन, परिग्रहण; Catalogue के लिए सूची, तालिका आदि विभिन्न शब्द प्रयोग किए जाते थे। परिणामतः, जहाँ अंग्रेजी में पुस्तकालय-विज्ञान का साहित्य नई खोज और मान्यताओं के कारण उत्तरोत्तर समृद्ध होता गया और उसके पारिभाषिक पदों में निश्चितता, स्थिरता और एकरूपता भी आती गई, वहाँ भारतीय भाषाओं में इस साहित्य की नितान्त अपर्याप्तता और पारिभाषिक पदों के रूप और अर्थ दोनों की विविधता कायम रही। और, इस समस्या का अभीतक कोई सन्तोषप्रद समाधान नहीं हो सका है।

हिन्दी में पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी साहित्य के नवोदित लेखकों के सत्प्रयास के फलस्वरूप इधर कुछ वर्षों से हिन्दी में पारिभाषिक पदों की रचना और निर्धारण के लिए जो कुछ कार्य श्रीमुरारीलाल नागर और श्रीद्वारकाप्रसाद शास्त्री जैसे पुस्तकाध्यक्षों ने किए हैं, वे सर्वप्रकारेण सराहनीय है। नागरजी का कार्य मुख्यतः डॉ० रंगनाथन् की प्रेरणा से हुआ और अधिकतर उन्हीं के मात्र प्रयुक्त विशिष्ट पदों का हिन्दीकरण उसकी विशेषता है। इसकी पुष्टि 'ग्रन्थालय-प्रक्रिया' और 'अनुवर्ग सूची-कल्प' को देखने से हो सकती है। शास्त्रीजी ने पुस्तकालय-विज्ञान के विभिन्न शाखाओं पर पाठ्य-ग्रन्थों की रचना की है और उनके परिशिष्टांशों में विषय-सम्बद्ध कुछ पारिभाषिक पदों की सूची भी दे दी है। किन्तु, अभी तक जिन सूचियों का संकलन हुआ है, वे सभी आंशिक और अपर्याप्त हैं। यथार्थतः हिन्दी में पुस्तकालय-विज्ञान के एक व्यापक पारिभाषिक शब्द-कोश का अभीतक अभाव ही है।

शिक्षा-मन्त्रालय के सत्प्रयास

वैज्ञानिक विषयों और प्रशासन-क्रियाविधि से सम्बद्ध हिन्दी पारिभाषिक-पदावली के निर्माण का जो कार्य इधर कई वर्षों से भारत-सरकार के शिक्षा-मन्त्रालय के तत्त्वावधान में हो रहा है, उसका यहाँ उल्लेख करना अपेक्षित है। यह कार्य एक वैज्ञानिक पदावली-बोर्ड के निदेशन में सम्पन्न हो रहा है। कई वैज्ञानिक और प्रशासनिक विषयों की पद-सूचियाँ भी उनकी विशेषज्ञ-समितियों द्वारा प्रस्तुत की जा चुकी हैं। पुस्तकालय-विज्ञान के पारिभाषिक पदों की रचना के सम्बन्ध में भी एक विशेषज्ञ-समिति के निर्माण की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूचना, एक वर्ष से अधिक हुए, मिली थी। किन्तु सम्भवतः प्रशासनिक अड़चनों के कारण अभी तक इस समिति का कार्यारम्भ नहीं हो सका है। आशा है, यह शुभकार्य शीघ्र ही सम्पन्न होगा। किन्तु, हिन्दी में पारिभाषिक पद-रचना के सम्बन्ध में वैज्ञानिक पदावली-बोर्ड जिन सामान्य सिद्धान्तों का अनुसरण कर रही है, वह सभी वैज्ञानिक कोश के सम्पादकों के लिए ज्ञातव्य है। प्रस्तुत कोश में यथासम्भव इन सिद्धान्तों के परिपालन का प्रयास किया गया है।

प्रस्तुत कोश

प्रस्तुत कोश के प्रथम खण्ड में मैंने अंग्रेजी भाषा में लिखे गए पुस्तकालय-विज्ञान के प्रमुख पाठ्य और सन्दर्भ-ग्रन्थों से, तथा भारतीय विद्वान् डॉ० रंगनाथन् की रचनाओं से मूल अंग्रेजी के पारिभाषिक पदों का संकलन करके उन्हें उनके हिन्दी-पर्याय के साथ वर्ण-क्रम से क्रमबद्ध किया है। अधिकांश अंग्रेजी पदों के निश्चित अर्थ और संकल्पनाओं को व्यक्त करने के लिए मैंने मानक परिभाषाओं के आधार पर उनके साथ उनकी व्याख्या भी दे दी है। ये व्याख्याएँ कहीं से अक्षरशः उद्धृत नहीं की गई हैं। जहाँ ऐसा हुआ है, वहाँ मूल व्याख्याता का नाम दे दिया गया है। पारिभाषिक पद जिस विशिष्ट अर्थ में प्रयोग किये जाते हैं, उसका जानना प्रयोग-कर्त्ताओं और अनुवादकों दोनों के लिए आवश्यक है। पदों के साथ उनकी व्याख्या देने का यही तात्पर्य है। अनूदित हिन्दी पदों के निर्धारण में विषय-अभिव्यंजकता, अर्थवैशिष्ट्य, श्रुति-माधुर्य इत्यादि आवश्यक गुणों को ध्यान में रखा गया है। इन पदों के साथ भी अंग्रेजी व्याख्याओं का अविकल अनुवाद न देकर भावांश दे दिया गया है। हिन्दी पदों के वरण में मैंने भारतीय भाषाओं के पुस्तकालय-विज्ञान-साहित्य में प्रयुक्त पदों को भी उनपर अपने दृष्टिकोण से विचार करके यथोचित स्थान दिया है। इस तरह अनेक अंग्रेजी-पदों के लिए पूर्वोपलब्ध और स्व-निर्धारित दोनों प्रकार के पदों को साथ-साथ रख देने के कारण विकल्प को प्रश्रय देना पड़ा है। ऐसा न करने से अनेक चयनीय पद प्रकाश में आने से रह जाते।

प्रथम खण्ड के अनूदित हिन्दी-पदों का प्रयोक्ताओं की सुविधा के लिए कोश के दूसरे खण्ड में अनुवर्ण-क्रम देकर उनका अंग्रेजी पर्याय दे दिया गया है। दूसरे खण्ड में पदों की व्याख्या दुहराई नहीं गई है।

कोश के दोनों ही खण्डों में समानार्थी और सम्बद्ध पदों का अंग्रेजी में 'See' और 'See also' और हिन्दी में 'दे०' (देखिए) और 'औ० दे०' (और देखिए) संकेतों से अंतर्निदेशन किया गया है।

कोश को पूर्णतः उपयोगी बनाने के लिए इसके परिशिष्ट भाग में अनेक सम्बद्ध विषयों के, जैसे जिल्दसाजी, पुस्तकालय-अर्थ-व्यवस्था, पुस्तकालय-स्थापत्य एवं उपकरण, मुद्रण-कला आदि विषयों के पारिभाषिक पद भी उनके हिन्दी-पर्यायों के साथ दे दिये गये हैं। इन विषयों के पारिभाषिक पद पाश्चात्य पुस्तकालय-विज्ञान-सम्बन्धी कोशों के अभिन्न अंग समझे जाते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शब्दों के स्वरूप और अर्थ के निर्धारण में लौकिक प्रयोग ही प्रबलतम नियामक समझा जाता है। आचार्यों की उक्तियाँ भी हैं : 'शब्दानाम् अर्थज्ञाने लौकिकप्रयोगोऽभ्युपेयः' (शबर-भाष्य ६।१।१)। अपरञ्च 'अनेकशास्त्रसिद्धोऽपि लोकाप्रयुक्तः असाधुः' (उद्द्योत ५।३।५५)। इस सिद्धान्त के आधार पर इस कोश में पुस्तकालय-विज्ञान-सम्बन्धी हिन्दी के वर्त्तमान शब्द-भाण्डार का पूर्ण उपयोग किया गया है और ऐसे प्रायः सभी प्रचलित पद मैंने स्वीकार कर लिये हैं, जो या तो यथार्थ और विशिष्ट अर्थों में रूढ़ हो गये हैं या जिन्हें यथार्थ या विशिष्ट अर्थ दिये जा सकते हैं। यथासम्भव सुबोध और लोक-प्रयुक्त शब्दों के अपनाने के सिद्धान्त का अनुसरण किया गया है।

वैज्ञानिक पदों की दुरूहता

फिर भी, इस कोश के कुछ पद क्लिष्ट और अपरिचित-से प्रतीत हो सकते हैं। इसका कारण यह है कि लोकभाषा और वैज्ञानिक एवं प्राविधिक भाषा में कुछ विभिन्नता अनिवार्य है। कभी-कभी पारिभाषिक पदों को 'असाधु' प्रतीत होने पर भी लोकप्रयुक्त वाग्भङ्गी से भिन्न रखने की आवश्यकता होती है। पारिभाषिक पदों का एक आवश्यक गुण है उनका अर्थ-वैशिष्ट्य। प्रत्येक पारिभाषिक पद को उसमें निहित संकल्पना का असंदिग्ध रूप से अभिव्यंजक होना चाहिए। इसके अतिरिक्त लोक-प्रयुक्त पदों को किसी प्राविधिक संकल्पना के लिए प्रयोग करने से उनके सामान्य और वैज्ञानिक अर्थों के अवबोधन में भ्रम की संभावना हो सकती है।

यों तो किसी वैज्ञानिक साहित्य के नवनिर्माण में प्रयुक्त कुछ पारिभाषिक पदों का दुर्बोध होना स्वाभाविक ही है। 'सुबोध' और 'दुर्बोध' पद सापेक्ष हैं। जनता में जब ज्ञान-विज्ञान की अधिक चर्चा होने लगेगी, उनका बौद्धिक स्तर ऊँचा होगा, उनकी ज्ञान-राशि में वृद्धि होगी, तब जो पद आज उन्हें दुर्बोध और अपरिचित जान पड़ते हैं, वही कल सुबोध और परिचित हो जायेंगे।

एक से अधिक पर्यायवाची पदों का समावेश

प्रस्तुत कोश में बहुत-से अंग्रेजी पदों के लिए एक से अधिक हिन्दी-पर्याय देने की नीति अपनाई गई है। हमें खेद है कि ऐसा करने में कई विज्ञ मित्रों की सम्मति की उपेक्षा हुई है, अतएव इस विषय का स्पष्टीकरण अपेक्षित है। मेरे विचार में जबतक ऐसे मानक और सर्वग्राह्य प्राविधिक पदावली का स्थिरीकरण न हो, जो पुस्तकालय-विज्ञान के अधिकांश लेखकों को मान्य हो, तबतक लेखकों की सुविधा और प्रयोक्ताओं के प्रयोग-स्वातन्त्र्य के लिए उन्हें समानार्थी पदों में से किसी एक के प्रयोग की छूट देना श्रेयस्कर होगा। कालान्तर में, हिन्दी में पुस्तकालय-विज्ञान में प्रस्तुत सारे साहित्य के पर्यवेक्षण के आधार पर ही यह निश्चित रूप से कहा जा सकेगा कि किन-किन पारिभाषिक पदों का, अपनी परिशुद्धता एवं अर्थवैशिष्ट्य के कारण, लेखकों द्वारा अधिकाधिक प्रयोग हुआ। जब इस विषय का साहित्य परिपक्व अवस्था को प्राप्त होगा, तब ऐसे ही इष्ट पदों को विषय-विशेषज्ञों द्वारा 'पारिभाषिक पदों' के रूप में मान्यता मिलेगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"हिन्दी के इस संक्रमण-काल में नये विचारों तथा भावों की अभिव्यक्ति के लिए विभिन्न शब्दों के प्रयोग के मतभेद का एवं कुछ अस्थिरता का होना अनिवार्य है। समय बीतने पर जो शब्द अधिक उपयुक्त और अर्थव्यंजक प्रतीत होंगे, वे रह जायेंगे। शेष सब स्वयमेव उपेक्षित होकर तिरोभूत हो जायेंगे।"

बलिष्ठ अतिजीविता (survival of the fittest) का सिद्धान्त जिस प्रकार मानव समाज के उद्विकास में लागू होता है, उसी प्रकार ज्ञान-विज्ञान सम्बन्धी प्राविधिक पदावली के क्रमिक विकास में भी। यह तो स्पष्ट है कि ऐसे शब्दों और पदों के वरण और मानकीकरण के क्रम में काफी समय लगेगा। किन्तु, इस दिशा में यदि एक सुनिश्चित योजना के आधार पर विवेकपूर्ण साहित्य की रचना की जाय, तो इसके विकास-क्रम का गति-त्वरण भी हो सकता है।

आभार-स्वीकृति

कोश के प्रस्तुति-काल में हमें जिन गुरुजनों से इस कार्य को सम्पन्न करने में आशीर्वाद और प्रोत्साहन मिला, उनके प्रति मैं नतमस्तक आभार स्वीकार करता हूँ। श्रद्धेय आचार्य शिवपूजन सहायजी से हमें इस कार्य के लिए आदि प्रेरणा मिली। डॉ० विश्वनाथ प्रसाद (निदेशक, हिन्दी-विभाग, शिक्षा-मंत्रालय, भारत सरकार), प्रो० जगन्नाथप्रसाद मिश्र (अध्यक्ष, बिहार-राज्य पुस्तकालय-संघ) और प्रो० नलिन-विलोचन शर्मा (प्रधान प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, पटना-विश्वविद्यालय) ने कृपा कर इस कोश की पाण्डुलिपि पर विहंगम दृष्टि डाली और कुछ आवश्यक संशोधनों का सुझाव भी दिया, जिनका समावेश यथास्थान कर लिया गया है। बन्धुवर श्रीकृष्णाचार्य (अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग, नेशनल लाइब्रेरी, कलकत्ता) और गुरु-तुल्य शिष्य श्रीविधाता मिश्र (प्राचीन हस्तलिखितपोथी-विभाग, बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्) से भी हमें समय-समय पर सुझाव और सम्मति प्राप्त होती रही है। किन्तु, जिस व्यक्ति का मैं विशेष रूप से कृतज्ञ हूँ, वह हैं मेरे परम स्नेही मित्र, हिन्दी में पुस्तकालय-विज्ञान-साहित्य के सुपरिचित लेखक, हिन्दी साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग के पुस्तकाध्यक्ष, श्रीद्वारकाप्रसाद शास्त्री। इनकी अविरत एवं समुद्यत सहयोग और स्वाभाविक सहृदयता निरन्तर ही हमें उपलब्ध रही। शब्द-मुद्रा के अभ्यस्त पारखी होने के कारण टकसाल से निकले हुए पारिभाषिक शब्दों के खरे-खोटे होने की इनसे जाँच करवा लेने की मुझे बराबर सुविधा रही। पाण्डुलिपि की कई बार संशोधित की गई प्रतियों को टंकित करके शुद्ध प्रति को प्रस्तुत करने में मेरे सहकार्यकारी श्रीरणजीतप्रसाद सिन्हा ने जिस तत्परता से इस कार्य में योग दिया, उसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ।

इस कोश के प्रकाशन के लिए स्वीकृति देकर और उसका भार वहन कर बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् जैसी प्रतिष्ठित विद्वत्संस्था ने जो उदारता दिखलाई और हमारे श्रम को सफल बनाया, उसके लिए हम परिषद् के अत्यन्त आभारी हैं। पुस्तकालय-विज्ञान जैसे प्राविधिक विषय के एक छोटे-से सन्दर्भ-ग्रन्थ को भी अपने प्रकाशन-आयोजन में समाविष्ट करना परिषद् के हिन्दी-साहित्य-सर्जन के बहुमुखी प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रेस ने हमें ईद्य-पत्रों के संशोधन की पूरी छूट दी और बड़े धैर्य से बार-बार किये गये संशोधनों का मुद्रित पाठ में समावेश करते गये, इसके लिए मैं उनका यथोचित आभारी हूँ।

शब्द-रचना में मैंने कई कोशों से सहायता ली है। उनमें (१) डॉ० रघुवीर-रचित Comprehensive English-Hindi Dictionary; (International Academy of Indian Culture, New Delhi); (२) शास्त्रीय परिभाषा-कोश—The English-Indian Dictionary of Scientific Terminology by Y. R. Date and C.G. Karve (Maharashtra Kosh Mandal Ltd., Poona); (३) श्रीसुखसंपतराय भण्डारी-रचित The Twentieth Century English-Hindi Dictionary (Dictionary Publishing House, Ajmer); (४) डॉ० सर एम० मानियर विलियम्स-रचित A Dictionary of English and Sanskrit, (Messrs Motilal Banarsidas; Delhi); ज्ञानमण्डल (काशी) द्वारा प्रकाशित (५) बृहत् हिन्दी-कोश एवं (६) बृहत् अंग्रेजी-हिन्दी-कोश। इन कोशों के कोशकारों और प्रकाशकों के प्रति मैं यथोचित कृतज्ञता-ज्ञापन करता हूँ।

कोश को भरसक व्यापक और परिपूर्ण बनाने की पूरी चेष्टा रहते हुए भी प्रेस के भूत, दृष्टिदोष, असावधानी या मेरे अज्ञान के कारण जो न्यूनताएँ, त्रुटियाँ या अशुद्धियाँ रह गईं, उनके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूँ। उदार और विज्ञ पाठकों की तुलना महाकवि कालिदास ने हंस से की है: 'हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यपः।' जो अशुद्धियाँ स्पष्ट मालूम हुईं, उनके संशोधन के लिए अन्त में एक शुद्धिपत्र लगा दिया गया है। कोश के प्रयोगकर्त्ता उसके द्वारा यथास्थान सुधार कर लेने की कृपा करेंगे।

मैं अन्त में, यह फिर निरपेक्षतः कह देना उचित समझता हूँ कि इस कोश में दिये गये हिन्दी प्राविधिक पद अभिस्ताव अथवा सुझाव के रूप में ही प्रस्तुत किये गये हैं: 'मणौ वज्रसमुत्कीर्णे सूत्रस्येवास्ति मे गतिः।' भविष्य में विषय-विशेषज्ञों या साहित्यकारों अथवा केन्द्रीय शिक्षा-मन्त्रालय के वैज्ञानिक पारिभाषिक-शब्दावली-बोर्ड द्वारा पुस्तकालय-विज्ञान सम्बन्धी पारिभाषिक पदों के रूप-निर्धारण और उनके मानकीकरण की दिशा में जो भी उपक्रम हो, उसमें यह कोश यदि आंशिक रूप में भी सहायक हो सके, तो मैं अपना यह प्रयास सफल समझूँगा।

सिन्हा लाइब्रेरी
(बिहार-राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय)
पटना
६ श्रावण, सं० १९८३ (३१ जुलाई, १९६१)

प्रभुनारायण गौड़

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषयानुक्रमणी

प्रथम खंड

अंग्रेजी-हिन्दी

भूमिका ... ... क—ज

अँग्रेजी-हिन्दी-पदावली ... ... १—११७

एपेण्डिक्स 'ए'

जिल्दवन्दी-सम्बन्धी पदावली ... ... ११८—१२४

एपेण्डिक्स 'बी'

पुस्तकालय-आय-व्यय-लेखा-सम्बन्धी पदावली ... ... १२५—१२७

एपेण्डिक्स 'सी'

पुस्तकालय-स्थापत्य-सम्बन्धी पदावली ... ... १२८—१२९

एपेण्डिक्स 'डी'

पुस्तकालय-उपकरण-सम्बन्धी पदावली ... ... १३०—०

एपेण्डिक्स 'इ'

मुद्रण-सम्बन्धी पदावली ... ... १३१—१४०

द्वितीय खंड

हिन्दी-अंग्रेजी

हिन्दी-अँग्रेजी-पदावली ... ... १४३—२३२

परिशिष्ट (१)

जिल्दबन्दी-सम्बन्धी पदावली ... ... २३३—२३८

परिशिष्ट (२)

पुस्तकालय-आय-व्यय-लेखा-सम्बन्धी पदावली ... ... २३९—२४२

परिशिष्ट (३)

पुस्तकालय-स्थापत्य-सम्बन्धी पदावली ... ... २४३—२४४

परिशिष्ट (४)

पुस्तकालय-उपकरण-सम्बन्धी पदावली ... ... २४५—२४६

परिशिष्ट (५)

मुद्रण-सम्बन्धी पदावली ... ... २४७—२५६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय-विज्ञान-कोश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम खंड

अंग्रेजी-हिन्दी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

A

Abbreviated Catalogue Card. A catalogue card giving brief information about the book or other printed material entered therein.
संक्षिप्त सूचीपत्रक, संक्षेपित सूचीपत्रक—वह सूचीपत्रक, जिसमें किसी पुस्तक के विषय में पूर्ण विवरण न देकर उसका संक्षिप्त रूप में उल्लेख किया गया हो।

Abbreviation.
(१) संक्षेप, संक्षेपण, संक्षिप्त रूप
(२) संकेताक्षर, संकेत-चिह्न, संकेत-रूप

Abnormal.
असामान्य, असाधारण, विकृत

Abridged Edition. A condensed form of work.
संक्षिप्त संस्करण—मूल कृति की संक्षिप्त आवृत्ति।

Abridgement. Abbreviated form of a work.
संक्षेपण

Absolute Value.
निरपेक्ष मूल्य, निरपेक्ष मान

Absorption.
विलयन, लय, विघटन

Abstract. A brief summary that gives the main points of any work.
सारांश, उपसंक्षेप—किसी कृति का वह संक्षिप्त रूप, जिसमें केवल उसका मुख्य बातों का उल्लेख हो।

Abstracting Service. Service undertaken by an individual or organisation of making abstracts in a particular field of knowledge.
सारांश-सेवा—किसी व्यक्ति अथवा संगठन द्वारा व्यवस्थित, ज्ञान के किसी विशेष क्षेत्र में संक्षेपित सामग्री को उपलब्ध करने की सेवा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Academic Dissertation. An essay or treatise presented by a candidate for a degree.

उपाधि-प्रबंध, शास्त्रीय प्रबंध, शैक्षणिक प्रबंध (निबंध)—वह प्रबंध, जो किसी उपाधि के लिए प्रस्तुत किया जाय।

Academies, Learned. (*See* 'Learned Academies').

Accent.

स्वरपात, स्वराघात, बलाघात

Accession, Accessioning. To record books and other similar materials in the order of acquisition.

परिग्रहण, प्राप्ति-क्रमांकन—पुस्तकालय-पंजिका में प्राप्त की हुई पुस्तकों अथवा अन्य पाठ्य-सामग्री को उनकी प्राप्ति के क्रमानुसार प्रविष्ट करना।

Accession Arrangement. An obsolete method of arranging books on the shelves in the order in which they are acquired.

परिग्रहण-विन्यास, परिग्रहण-व्यवस्था—पुस्तकालय में जिस क्रम से पुस्तकें प्राप्त हुई हों, उन्हें उसी क्रम से रखने को एक पुरातन और अप्रचलित परिपाटी।

Accession Book or Record. The record of volumes added to a library in the sequence of receipt.

परिग्रहण-अभिलेख, परिग्रहण-पंजिका, आगम-पंजिका—पुस्तकालय की वह पंजिका, जिसमें प्राप्त पुस्तकें तथा अन्य पाठ्य-सामग्री दर्ज की जाती हैं।

Accession Bulletin.

परिग्रहण-विज्ञप्ति

Accession Date. The date on which a volume is entered in the accession register.

परिग्रहण-तिथि—किसी ग्रन्थ अथवा अन्य पाठ्य-सामग्री के परिग्रहण-पंजिका में दर्ज किये जाने की तिथि।

Accession Librarian.

परिग्राही

Accession Number. The number given to a volume in the order of its addition to a library.

परिग्रहण-संख्या—प्राप्ति-क्रम के अनुसार पुस्तकों पर दर्ज की गई क्रम-संख्या।

Accession Stamp. A numbering stamp used in printing accession number in books, on cards etc.

परिग्रहण-मुद्रांक—पुस्तकों तथा उनके पत्रकों पर परिग्रहण-संख्या डालने की मुहर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Accident. A quality which is incidental to a class. — **आकस्मिक**—किसी वर्ग का आकस्मिक धर्म ।

Accounting, Library. (*See* 'Library Accounting')

Acquisition. Acquiring books, periodicals and other materials by purchase or any other means. — **अर्जन, प्राप्ति, उपार्जन, अधिग्रहण**—पुस्तकालय में क्रय, विनिमय अथवा अनुदान द्वारा पुस्तकों तथा अन्य पाठ्य-सामग्री की प्राप्ति ।

Act, Library. (*See* 'Library Act')

Action. The category of terms expressing interaction between things. One form of 'Energy', one of the five fundamental categories. — **अन्तःक्रिया, क्रिया**—वर्गात्मक पदों का ऐसा पक्ष, जो उनमें पारस्परिक अन्तःक्रिया का द्योतक हो ।

Activities, Library. (*See* 'Library Activities')

Adaptation. A rewritten and modified form of a literary work; a free translation. — **भावानुवादन, रूपान्तरण** — किसी साहित्यिक कृति का रूपान्तर या उसका स्वतंत्र अनुवाद ।

Added Copy. Other copies of the same edition of a book already in the library stock. — **अतिरिक्त प्रति**—पुस्तकालय-संग्रह के किसी ग्रन्थ के एक ही संस्करण की अन्य प्रतियाँ ।

Added Edition. Another edition of a work, which is already in the catalogue. — **अतिरिक्त संस्करण**—ग्रन्थालय-सूची में उल्लिखित किसी कृति का दूसरा संस्करण ।

Added Entry. Any entry other than a main entry. — **अतिरिक्त संलेख, गौण संलेख** — ग्रन्थालय-सूची में किसी पुस्तक अथवा अन्य पाठ्य-सामग्री से संबंधित मुख्य संलेख के अतिरिक्त कोई गौण संलेख ।

Addenda. Material added to the book to fill some lacunæ in the text. — **पाठ-पूरक**—किसी ग्रन्थ के पाठ को पूर्ण करने के लिए अन्त में जोड़ी गई सामग्री ।

Addition. — **योग, संयोजन**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Additional. — **अतिरिक्त, अपर**

Adjustable Classification. A classification scheme allowing scope for later insertion. — **समाधेय वर्गीकरण, संयोज्य वर्गीकरण**—ग्रन्थों के वर्गीकरण की ऐसी प्रणाली, जिसमें अपर वर्गों तथा उपवर्गों का सरलता से समावेश किया जा सके।

Adjustment. Putting in proper relation. — **व्यवस्थापन, संयोजन**—उपयुक्त क्रम में रखना।

Administration. — **प्रशासन, संचालन**

Administration, Library. (*See* 'Library Administration')

Admission Slip. — **प्रवेश-पर्णी**

Adult Education. Acquisition of knowledge by the grown-ups. — **प्रौढ़-शिक्षा, वयस्क-शिक्षा**

Advance Copy. A copy of a book sent out before publication date. — **अग्रिम प्रति**—किसी पुस्तक की वह प्रति, जो उसकी प्रकाशन-तिथि के पूर्व ही लेखक अथवा प्रकाशक द्वारा समीक्षा इत्यादि के लिए भेजी जाती है।

Advanced Book — **उच्चग्रन्थ, उच्चस्तरीय ग्रन्थ, अग्रणी पुस्तक**

Advisory Board — **परामर्शदातृ-मण्डल**

Advisory Service. (*See* 'Reader's Advisory Service')

Affiliated Association — **संबद्ध संघ, संबद्ध समिति**

Affiliated Institution — **संबद्ध संस्था**

Affiliated Society — **संबद्ध समाज, संबद्ध परिसंस्था**

Affiliation. Attachment as a member or branch. — **संबंधन**—सदस्य अथवा शाखा के रूप में संबद्ध होना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Agency — **अभिकरण, प्रतिनिधि-संस्था**

Agglutinate. A symbol, two or more parts of which have a constant meaning, but cannot be used separately. — **संश्लिष्ट प्रतीक, संघित्तम प्रतीक**—वर्गीकरण में प्रयुक्त ऐसे उन दो या अधिक स्थायी अर्थवाले पदों से निर्मित कोई प्रतीक, जिन पदों का कोई अलग-अलग प्रयोग न किया जा सके।

Alien. A subject totally irrelevant to the subject sought. — **अप्रासंगिक, असंबद्ध, परकीय**—अपेक्षित विषय से बिलकुल असंबद्ध कोई अन्य विषय।

All Rights Reserved. A statement indicating that the privilege of reproduction of a book in any form is reserved to the holder of the copyright. — **सर्वाधिकार सुरक्षित**—पुस्तक में दिया गया वक्तव्य, जिसके द्वारा प्रकाशक का पुनः प्रकाशनीय सर्वाधिकार घोषित किया जाता है।

Allocation. Placing one subject in context with another subject. — **प्रसंग-स्थापन, संस्थापन**—एक विषय को दूसरे विषय के प्रसंग में रखना।

Almanac — **पञ्चाङ्ग**

Alphabetic, Alphabetical. — **अनुवर्ण, वर्णानुक्रमिक, आनुवर्णिक**

Alphabetical Device. Arranging classificatory terms in an alphabetical order. — **वर्णानुक्रम युक्ति, आनुवर्णिक युक्ति**—वर्गीकृत पदों का अकारादि क्रम से व्यवस्थित करने की युक्ति।

Alphabetic Index. — **वर्णिक अनुक्रमणिका वर्णानुक्रमणिका**

Alphabetic Order. — **अनुवर्ण, आनुवर्णिक क्रम**

Alphabetic Subject Catalogue. A catalogue arranged alphabetically by subject-heads. — **आनुवर्णिक विषय-सूची**—वह सूची, जिसमें ग्रन्थ इत्यादि का विषयानुसार उल्लेख हो और उन विषयों की व्यवस्था अकारादि क्रम से हो।

Alphabetical Scattering. The arrangement of specific subjects in a classification scheme according to their degree of affinity irrespective of their alphabetical sequence. — **वर्णानुक्रम विन्यास, आनुवर्णिक विन्यास**—वर्गीकरण में वर्गों को वर्णानुक्रम से न रखकर उनके विषय-सान्निध्य के अनुसार व्यवस्थित करना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Alphabetico-Classed Sequence. The sequence of a verbal index in which the alphabetically arranged verbal headings are subdivided.

अनुवर्ण वर्गित पारंपर्य — शाब्दिक अनुक्रमणिका का ऐसा क्रम, जिसमें शीर्षकों का उल्लेख वर्णानुक्रम से हो।

Alphabetisation. Arranging in alphabetical order.

वर्णक्रमण, वर्णानुक्रमण—वर्णानुक्रम से कोई संलेख व्यवस्थित करना।

Alternative Location. The allocation of subjects to more than one context in a classification.

वैकल्पिक अवस्थापन, अवान्तरिक अवस्थान — वर्गीकरण में किसी विषय का एक से अधिक प्रसंग में उल्लेख करना।

Alternative Title. A subtitle introduced by 'or' or its equivalent.

वैकल्पिक आख्या, अवान्तरिक शीर्षक, दूसरा नाम—किसी ग्रन्थ का वह पर्यायी नाम, जिसका उल्लेख उसके मुख्य नाम के साथ 'अथवा' इत्यादि शब्द देकर किया गया हो।

Alumni Association.

सहपाठिसंघ, सहविद्यालयीय संघ

Amalgamation.

सम्मिश्रण, एकीकरण

Ambiguous Title. A title vague enough to be misunderstood.

संदिग्ध आख्या, सन्दिग्ध शीर्षक—किसी ग्रन्थ का ऐसा नाम, जिससे उसके अंतर्विषय के बारे में भ्रान्ति होने की संभावना हो।

Amplified Class. A class expounded according to a special system of thought, other than the currently used one.

विपुलित वर्ग, विशिष्ट विन्यस्त वर्ग—किसी विषय का ऐसा वर्ग-विन्यास, जो उस विषय के प्रचलित वर्ग-विभाजन से भिन्न किसी विशिष्ट विचार-पद्धति के अनुसार किया गया हो।

Anagram. A pseudonym formed by re-arranging the letters of a name.

अक्षर-व्यत्यास—यथार्थ नाम के अक्षरों को उलट-पुलटकर बनाया हुआ कोई छद्म नाम।

Analysis.

विश्लेषण—सूची में ग्रन्थ के मुख्य अंशों का विश्लेषणात्मक उल्लेख।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Analytic or Analytical Entry. The entry of some parts of a book or of some article contained in a collection with a reference to the original whole.

विश्लिष्ट प्रविष्टि—सूची में पूर्ण मूल कृति के निर्देश के साथ उस कृति के अंशों का अलग-अलग उल्लेख।

Analytical Bibliography.

विश्लेषणात्मक ग्रन्थ-सूची, विश्लिष्ट ग्रन्थ-सूची

Analytical Cataloguing. Mode of detailed cataloguing in which each individual part of a work is entered.

विश्लेषणात्मक सूचीकरण—विवरणपूर्ण सूचीकरण, जिसमें सूचीकृत ग्रन्थों के प्रत्येक अंश का उल्लेख हो।

Analytical Classification. A classification which assumes a common matrix in which all the many specific subjects can be thrown. (*cf.* 'Enumerative Classification')

वैश्लेषिक वर्गीकरण—विषयों के वर्गीकरण की ऐसी प्रणाली, जिसमें उनके सभी उपविषयों अथवा विशिष्ट विषयों का विभाजन सिद्धान्ततः एक ही आधार पर किया जाता है।

Analytical Index An alphabetical index under specific topics.

विश्लेषणात्मक अनुक्रमणिका — ऐसी अनुक्रमणिका, जिसकी व्यवस्था अकारादि क्रम से विषयानुकूल हो।

Analytical Reference.

विश्लेषणात्मक निर्देश

Analytico-synthetic Classification. A classification which represents a subject by analysing it into fundamental constituent elements, and synthesizing a class symbol for the subject out of these elements linked by appropriate connecting symbols. (Ranganathan)

विश्लेषण-समन्वित वर्गीकरण—वर्गीकरण की ऐसी पद्धति, जिसमें विषयों को पहले उनके मालिक अवयवों में विभक्त किया गया हो और फिर उन सब अवयवों को एक उपयुक्त संयोजक-चिह्न द्वारा जोड़कर उस पूरे विषय का एक सामूहिक वर्ग-प्रतीक निर्मित किया गया हो।

Ancillary subject. One which is contributory to or helpful to another subject.

गौण विषय, सहायक विषय—किसी विषय के वर्गीकरण में अंशतः उसका पूरक अथवा सहायक कोई अन्य गौण विषय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Annotation. A descriptive or explanatory note added to an entry in a bibliographical or any other list.

व्याख्या, टीका, विवरण—विशिष्ट ग्रन्थ-सूची अथवा अन्य किसी ग्रन्थ-सूची में प्रविष्ट पाठ्य-सामग्री का व्याख्यात्मक विवरण ।

Annotation, Particular or Specific (*See* 'Particular Annotation').

Annual.

वार्षिक—वर्ष में एक बार नियमित रूप से प्रकाशित होनेवाली पत्र-पत्रिका ।

Annual Report.

वार्षिक विवरण, वार्षिक प्रतिवेदन

Anonymous. A book published without the author's name.

अज्ञातलेखक, निर्लेखक—ऐसा ग्रन्थ, जो उसके लेखक के नाम विना ही प्रकाशित हुआ हो ।

Anonymous Classic. A work of unknown or doubtful authorship, which may have appeared in the course of time in many editions.

अज्ञातलेखक श्रेण्य-ग्रन्थ, अज्ञातलेखकी श्रेण्य ग्रन्थ—ऐसी श्रेण्य साहित्यिक कृति, जिसके लेखक के बारे में कोई निश्चित जानकारी न हो ।

Anterior Classes. In H. E. Bliss's scheme of classification, these classes form the generalia class.

पूर्ववर्ग, प्राग्वर्ग, — हेनरी एवेलिन ब्लिस की वर्गीकरण-पद्धति में सामान्य वर्गों के लिए प्रयुक्त पद ।

Anterior Position. The precedence given to one subdivision over another in a classificatory scheme, particularly illustrated by a general class preceding a special class.

पूर्वस्थान, प्रागुस्थान, अग्रस्थान— वर्गीकरण-क्रम में वर्गों के किसी एक उपवर्ग का दूसरे उपवर्ग के पहले रखने का क्रम; जैसे, किसी विषय के स्थूल वर्ग-विभाग को उसके प्रासंगिक सूक्ष्म विभाग के पूर्व रखना ।

Anterior Subdivision. Subdivision of a subject which is placed before the subject in a classified sequence. (Bliss)

पूर्वोपवर्ग—किसी विषय का कोई ऐसा उपविभाग, जो वर्गीकरण-क्रम में मूल विषय के पहले ही आ जाय ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Anteriorizing Symbol. Affixed symbol which has the effect of bringing the term symbolized anterior to a term without such an affix. (Ranganathan)

पुरःस्थानीय प्रतीक, पुरःस्थानीय चिह्न—ऐसा चिह्न अथवा प्रत्यय, जिसके लगाने से वर्गीकरण-क्रम में प्रत्यय-युक्त पद का स्थान मूलपद से पहले आ जाय।

Anthology. A collection from the works of various authors or from different works of the same author.

संकलन, संग्रह—विभिन्न लेखकों की कृतियों का अथवा एक ही लेखक की विभिन्न कृतियों का संग्रह।

Antonym

विलोम, विपर्याय

Appendix. Matter supplementing the text of a book.

परिशिष्ट—किसी ग्रन्थ के मूलपाठ के अन्त में उसके किसी अंश की व्याख्या अथवा स्पष्टीकरण के रूप में दिया गया पूरक पाठ।

Application Form. A printed form which a person fills out to become a library borrower.

आवेदन-प्रपत्र—पुस्तकालय से पुस्तकें उधार लेने की अनुज्ञा के लिए अथवा उसकी सदस्यता के लिए आवेदन का फार्म।

Apprentice. A person without previous library training admitted to a staff to learn the library routines through practical work.

शिशिक्षु, पदशिक्षार्थी—ऐसा अप्रशिक्षित व्यक्ति, जिसे पुस्तकालय के दैनिक व्यावहारिक कार्यक्रमों से परिचय प्राप्त करने के लिए अनुमति दी गई हो।

Approach Material.

विषयपूर्व वाङ्मय, विषयपूर्व पाठ्य-सामग्री

Appurtenance. A relation holding between two isolates which are not distinct but in fixed relation one to another. (Farradane)

स्थायी सम्बन्ध—वर्ग-पद के दो अभिन्न एकलों का स्थायी सम्बन्ध।

Architecture, Library (*See* 'Library Architecture').

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Archives. (i) Records made and preserved in connection with its affairs by a Government or Governmental agency or any other institution.
(ii) An institution for the preservation and serving of such material.

(१) अभिलेख, पुरालेख — किसी शासकीय विभाग अथवा अन्य किसी संस्था द्वारा प्रस्तुत तथा संरक्षित अभिलेख।
(२) अभिलेखालय, पुरालेखालय— वह संस्था, जो इन सामग्रियों के एकत्रीकरण, संरक्षण, निरीक्षण तथा प्रयोग की व्यवस्था करती हो।

Archivist. A person engaged in the preservation or servicing of archives.

अभिलेखपाल, पुरालेखपाल—जो व्यक्ति अभिलेखों के संरक्षण तथा प्रस्तुतीकरण का कार्य करता हो।

Area. Expansion of a notation.

क्षेत्र, परिसर—किसी अंकन-प्रणाली का प्रयोग-क्षेत्र।

Arrangement. An enumeration of subjects according to some specific purpose. (Kaiser)

विन्यास, व्यवस्थापन, क्रमण, संहिति— किसी विशेष उद्देश्य के आधार पर विषयों का क्रमण।

Arrangement of Books. (*See* 'Book Arrangement')

Arrangement of Heading.

शीर्षक-विन्यास

Array. A group of co-ordinate or co-equal classes.

समवर्ग-विन्यास, समवर्ग-पंक्ति, अनु-विन्यास—समान अथवा समकक्ष वर्गों का एक समूह।

Art-gallery.

कलाभवन, कलादीर्घा, कलामन्दिर, चित्रमन्दिर।

Article.

उपपद, विधिपद, अनुच्छेद

Artificial Composite Book.

विसंगत पुस्तक, कृत्रिम समासित ग्रन्थ

Ascending Order.

आरोह-क्रम

Aspect. A relation between phases. (Ranganathan)

दृष्टि, रूप—किसी विषय के विविध आश्लेषों का पारस्परिक सम्बन्ध।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Assistance to Readers. — अध्येता-साहाय्य, पाठक-साहाय्य

Assistant. A subordinate staff member. — सहकारी, कार्यकारी, सहायक—पुस्तकालय का एक अधीन कर्मचारी।

Assistant, Clerical. A person performing such clerical duties in a library which do not require knowledge of the theory of library work. — अप्राविधिक कार्यकारी—पुस्तकालय का ऐसा कर्मचारी, जिसकी कार्य-विधि में पुस्तकालय-शास्त्र की जानकारी की आवश्यकता न हो।

Assistant, Professional. A member of the professional staff of the library performing work which requires training in the theoretical part of the library work. — प्राविधिक कार्यकारी—पुस्तकालय का वह कर्मचारी, जिसकी कार्य-विधि में पुस्तकालय-शास्त्र की जानकारी की आवश्यकता हो।

Associated Note. — अनुप्रसक्त टिप्पणी

Association Copy, Associated Book. A book having some special association with the author. — अनुप्रसक्त प्रति, अनुप्रसक्त ग्रन्थ—किसी ग्रन्थ की ऐसी प्रति, जिसका उसके लेखक के साथ कोई विशेष संगति अथवा सम्बन्ध हो।

Assortment. The process of division of a universe into group and arrangement of the group into a definite sequence. (Ranganathan) — गणीकरण—किसी विषय के सम्पूर्ण क्षेत्र को वर्गों में और उन वर्गों को एक निश्चित क्रम में व्यवस्थित करने की क्रिया।

Assumed Term. A term which cannot be defined, but must be drawn direct from experience in constructing a meta-language. — गृहीत पद—वर्गीकरण में प्रयुक्त ऐसा पद, जिसकी कोई अर्थपूर्ण परिभाषा न हो, किन्तु जिसका रूप किसी संकेतात्मक चिह्न-प्रणाली पर आधारित हो।

Asyndetic Catalogue. A dictionary catalogue without cross-reference. — अनिर्देशी सूची—ग्रन्थों की ऐसी सर्वानुवर्ण सूत्री, जिसमें एक संलेख से किसी दूसरे संलेख का हवाला न दिया गया हो।

Atlas. — मानचित्रावली

Attendance. — उपस्थिति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Attendant.	उपस्थायी, अनुचर
Attribute. Any property, quality or action of any entity.	सहजगुण, धर्म, प्रकृति
Audio-Visual Material. Material for teaching through ear and eye.	श्रव्य-दृश्य-सामग्री—श्रवण तथा दर्शन द्वारा शिक्षा देने के साधन अथवा उनकी सामग्री।
Audio-Visual Apparatus.	श्रव्य-दृश्य यंत्र, श्रव्य-दृश्य-साधन
Chart.	रेखा-पत्र
Film.	चित्र-पट
Motion Picture.	चलचित्र
Museum Object.	संग्रहालय-पदार्थ, कौतुकालय-सामग्री
Photograph.	आलोक-चित्र
Records.	ध्वनि-पट, ध्वनिक
Slides.	चित्र-पट
Audio-Visual Centre.	श्रव्य-दृश्य-केन्द्र
Audio-Visual Education.	श्रव्य-दृश्य-शिक्षा
Authentic.	प्रामाणिक, प्राधिकृत
Authenticated Copy.	प्रामाणिक प्रतिलिपि
Authentication.	प्रमाणीकरण
Authenticity.	प्रामाणिकता
Author. The individual or corporate body responsible for the book's existence.	लेखक, ग्रन्थकर्त्ता, ग्रन्थकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Author Analytic. An entry under author for a part of his work with a reference to the work itself. (*See also* 'Subject Analytic')

लेखक-वैश्लेषिक संलेख—सूची में लेखक की मूलकृति का निर्देश करते हुए उस कृति के किसी अंश अथवा खण्ड का संलेख। (और देखिए—'विषय-वैश्लेषिक संलेख')

Author Bibliography. A list of the books and articles by and about an author.

अनुलेखक विशिष्ट ग्रन्थ-सूची, लेखकानुसारी सन्दर्भ-सूची—किसी विशेष लेखक की कृतियों और उस लेखक के बारे में लिखी गई कृतियों के आधार पर प्रस्तुत की गई विशिष्ट ग्रन्थ-सूची।

Author Card. A card bearing an author entry.

ग्रन्थकार-पत्रक, लेखक-पत्रक—वह सूची-पत्रक, जिसमें मुख्य संलेख लेखक के नाम के आधार पर हो।

Author Catalogue. An alphabetical catalogue of entries under the names of authors, editors, translators etc.

अनुलेखक-सूची, अनुग्रन्थकार-सूची—वह सूची, जिसमें पुस्तकों का उल्लेख लेखकों के वर्णानुक्रम नाम के आधार पर हो।

Author, Corporate. (*See* 'Corporate Author')

Author Entry. An entry under the name of the author whether personal or corporate.

अनुलेखक-संलेख—सूची में किसी ग्रन्थ का लेखक-प्रधान उल्लेख।

Author Indention, First Indention. The distance from the left edge of catalogue card at which the author heading begins.

लेखक-अनुच्छेद, अग्रानुच्छेद—सूची-पत्रक के बायें कोर से वह निर्धारित दूरी, जहाँ से लेखक का नाम लिखना आरम्भ किया जाता है।

Authorised Edition. An edition issued with the consent of the author.

प्राधिकृत संस्करण—किसी पुस्तक का लेखक की स्वीकृति से प्रकाशित संस्करण।

Authoritative.

प्राधिकारपूर्ण, प्राधिकारी

Authority.

प्राधिकार, प्राधिकारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Authority File. A list of the headings selected for use in a catalogue, compiled as an official work of reference by the cataloguers. — **प्राधिक्रत शीर्षकावली**—सूचीकारों की सुविधा के लिए प्रस्तुत ग्रन्थ-सूची में प्रयुक्त शीर्षकों की एक प्राधिकृत तालिका।

Autobiography. A history of a person's life written by himself. — **आत्मकथा, आत्मचरित्र, आत्मचरित**—स्वलिखित जीवन-कथा।

Autograph. A signature. A manuscript in the author's own handwriting. — **स्वाक्षर**—हस्ताक्षर; लेखक की कोई हस्तलिखित कृति।

Autographed. — **स्वाक्षरित**

Autonomy for the classifier. — **वर्गकार-स्वायत्तता**

Autonym. The real name of an author (*cf.* 'Psendonym'). — **यथार्थ नाम, प्रतिपदोक्त नाम**

Auxiliary Conjunction. A conjunction which has no semantic content. (Ranganathan) — **सहायक संश्लेष**—स्वार्थहीन संश्लेष; ऐसा संश्लेषात्मक, पद जिसका कोई अर्थ न हो।

Auxiliary Schedule. Schedules which assist composite classification. (Bliss) — **उपतालिका** — मिश्र वर्गीकरण में प्रयुक्त सहायक तालिकाएं।

Auxiliary Title. — **उपाख्या**

B

Back File. Numbers of a periodical preceding the current issue. — **पूर्वसंचिका, पूर्वांक-संचिका**—किसी पत्र या पत्रिका के वर्त्तमान अंक से पहिले के अंक।

Back Number. Any issue of a periodical or newspaper preceding the current issue. — **पूर्वांक**—किसी पत्र या पत्रिका के वर्त्तमान अंक से पहले का कोई अंक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Banned (Proscribed, Prohibited) Book. A book containing objectionable matter, publication and circulation of which is prohibited by a government or an institution.

वारित पुस्तक, प्रतिषिद्ध पुस्तक—ऐसा पुस्तक, जिसकी आपत्तिजनक अंतर्वस्तु के कारण उसके प्रकाशन अथवा प्रचार का प्रतिषेध कर दिया गया हो।

Base. The total number of digits in a notation. (Ranganathan)

आधारांकन, मूलांकन—किसी अंकन-पद्धति में प्रयुक्त वे सब अंक, जिनके आधार पर उस पद्धति का निर्माण किया गया हो।

Basic Focus. A main or canonical or amplified main class. (Ranganathan)

मौलिक लक्ष्य—किसी प्रमुख वर्ग का शुद्ध अथवा विपुलित रूप।

Basic Stock

मौलिक संग्रह, मूलभूत संग्रह

Bastard Title, Half Title. A brief title of the book put on the leaf preceding the main title page.

संक्षिप्त आख्या, अपूर्ण आख्या—किसी पुस्तक में उसके मुखपृष्ठ से पूर्व के पृष्ठ पर दिया गया उस पुस्तक का अपूर्ण अथवा संक्षिप्त नाम।

Belles-letters. Polite or elegant literature, including poetry, fiction, æsthetics, criticism etc.

ललित - साहित्य, रम्य रचना, विशुद्ध वाङ्मय

Best Books. A select list of what is best on the subject.

उत्कृष्ट ग्रन्थावली

